# अब करें और सीखें

1. **सही कथन के आगे ✓ और गलत के आगे ✗ का निशान लगाओ—**

   i. अविकारी शब्द तीन तरह के होते हैं। ☐

   ii. क्रियाविशेषण शब्दों का रूप लिंग के अनुसार बदलता है। ☐

   iii. परिमाणवाचक क्रियाविशेषण क्रिया के काल को सूचित करते हैं। ☐

   iv. क्रिया के बारे में 'किधर' प्रश्न का उत्तर देनेवाले शब्द स्थानवाचक क्रियाविशेषण कहलाते हैं। ☐

2. **सही उत्तर के आगे ✓ का निशान लगाओ—**

   i. 'ध्यानपूर्वक' शब्द कौन-सा क्रियाविशेषण है—

   (क) रीतिवाचक ☐ (ख) स्थानवाचक ☐

   (ग) कालवाचक ☐ (घ) परिमाणवाचक ☐

   ii. निम्नलिखित में से कालवाचक क्रियाविशेषण है—

   (क) धीरे ☐ (ख) ज़रा ☐ (ग) लगभग ☐ (घ) अकसर ☐

   iii. क्रियाविशेषण के भेद की पहचान बतानेवाला कौन-सा विकल्प सही है—

   (क) किस प्रकार—परिमाणवाचक ☐ (ख) कितना—कालवाचक ☐

   (ग) कहाँ—रीतिवाचक ☐ (घ) कब—कालवाचक ☐

3. **निम्नलिखित क्रियाविशेषणों में से उपयुक्त शब्द चुनकर खाली जगह भरो—**

   i. प्रश्नपत्र को ···ध्यानपूर्वक··· पढ़ना चाहिए। (ध्यानपूर्वक/किधर)

   ii. मैं .......................... तुम्हें बुला रहा हूँ। (लगभग/कब से)

   iii. .......................... देखो, हरियाली ही हरियाली है। (कहाँ/जिधर)

   iv. वह .......................... सोया है। (अभी/जब)

   v. मैं .......................... टहलने जाता हूँ। (प्रतिदिन/कल)